# रणजीत टाइम्स

इंदौर


शनिवार, 14 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 153 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## सफेद कार को रंगबिरंगी कर प्रचार में चलाया जा रहा था, यातायात पुलिस ने किया 5000 का जुर्माना




आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक

इंदौर शहर के सुगम, सुरक्षित, सुखद यातायात हेतु नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन श्री अरविंद तिवारी के दिशा निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा सघन यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, इस दौरान नियमो का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही भी की जा रही है।

इसी कड़ी में यातायात पुलिस के सूबेदार सुमित बिलोनिया व टीम राजीव गांधी चौराहा पर यातायात प्रबंधन कर रहे थे। इस दौरान एक रंगीन टैक्सी कार को रोका गया दस्तावेज परीक्षण के उपरांत रजिस्ट्रेशन में निहित वाहन का रंग सफ़ेद पाया गया परंतु वाहन मालिक द्वारा वाहन में परिवर्तन कर वाहन को हरे एवं पीले रंग में परिवर्तित कर एडवरटाइजिंग वाहन टैक्सी में चलाया जा रहा था। इस पर जुर्माना 5000 रुपये मौके पर जमा करवाया और नियमो का पालन करने की हिदायत दी।

# भोपाल के 'मुस्लिम गैंग' पर पुलिस ने लगाई 250 पन्नों की चार्जशीट,0

### बताया- कॉलेज की लड़की के साथ उसकी बहन का भी किया था रेप: हामिद, फरहान, साहिल समेत बाकी हो चुके गिरफ्तार

भोपाल 'लव जिहाद' केस में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत भोपाल की विशेष अदालत में 250 पन्नों का चालान (चार्जशीट) दाखिल कर दिया है। यह चालान गुरुवार (12 जून 2025) को जिला न्यायालय में जज नीलम मिश्रा की कोर्ट में पेश किया गया। इस केस में मुख्य आरोपित फरहान खान और उसका साथी साहिल खान हैं। पुलिस ने 57 गवाहों की सूची के साथ यह चालान तैयार किया है। कोर्ट को दिए गए चालान के साथ पीड़िताओं की मेडिकल रिपोर्ट और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी पेश किए गए हैं।

### क्या है मामला?

यह घटनाक्रम भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र के कोकता इलाके में हुई। यहाँ एक निजी कॉलेज की छात्राओं को दोस्ती का झाँसा देकर फँसाया गया। आरोपितों ने पहले लड़कियों को अपने प्रेम जाल में उलझाया, फिर उनके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, उन्होंने पीड़िताओं पर धर्म बदलने का दबाव डाला और हिंदू धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियाँ कीं।

पुलिस की जाँच के अनुसार, फरहान खान ने पहले एक कॉलेज छात्रा (बड़ी बहन) को अपने दोस्त हामिद के घर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद साहिल खान ने इस घटना का वीडियो बनाकर लड़की को ब्लैकमेल करना शुरू किया। वह उससे बार-बार मिलने के लिए दबाव डालता था। चूँकि लड़की किराए के मकान में रहती थी, इसलिए उसे डर था कि यह बात मकान मालिक या परिवार तक पहुँच जाएगी। इस डर का फायदा उठाकर आरोपित लगातार उसका शोषण करते रहे।

### छोटी बहन भी नहीं बची

एक दिन जब बड़ी बहन अपने कमरे पर नहीं थी, तब उसकी छोटी बहन, जो स्कूल में पढ़ती है, वहाँ अकेली थी। आरोपितों ने मौके का फायदा उठाया और नाबालिग लड़की के साथ भी बलात्कार किया।

### धर्मपरिवर्तन का डाला दबाव

साहिल ने बड़ी बहन को शादी का लालच देकर उस पर धर्म बदलने का दबाव बनाया। उससे जबरदस्ती मांस खिलाया गया




और बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया गया। इसके अलावा, पीड़िता के साथ मारपीट भी की गई। उसे लगातार धमकियाँ दी जाती थीं ताकि वह इस बारे में किसी से बात न करे।

### और लड़कियाँ भी थीं निशाने पर

पुलिस ने फरहान के फोन की जाँच की तो उसमें आठ अन्य लड़कियों के वीडियो मिले। जब पुलिस ने इन लड़कियों से संपर्क किया, तो पता चला कि ज्यादातर पीड़िताएँ उसी टीआईटी कॉलेज की छात्राएँ थीं। जाँच में खुलासा हुआ कि फरहान और साहिल एक बड़े 'लव जिहाद' गिरोह का हिस्सा थे, जिसमें नबील, अली, साद और अबरार जैसे अन्य लोग भी शामिल थे। पुलिस की चार्जशीट में यह भी खुलासा हुआ है कि फरहान और साहिल दोनों बारी-बारी से आए दिन कॉलेज छात्राओं से दुष्कर्म करते थे। इस गिरोह के लोग कॉलेज की छात्राओं को निशाना बनाते और उनका शोषण करते थे। पुलिस ने फरहान और साहिल को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया। चालान के साथ पीड़िताओं की मेडिकल रिपोर्ट और अन्य जरूरी दस्तावेज भी कोर्ट में जमा किए गए। पुलिस ने मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की, क्योंकि इस मामले में धर्मांतरण का दबाव डालने का आरोप भी है। इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत भी केस चल रहा है। बता दें कि पॉक्सो एक्ट (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेज एक्ट) बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से बचाने के लिए बनाया गया कानून है। इस मामले में एक नाबालिग लड़की भी पीड़िता है, इसलिए इस कानून के तहत कार्रवाई हो रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री श्री रूपाणी के निधन पर दु:ख व्यक्त किया

### अंतिम युद्ध-राधे गुरु मोकड़ी

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस अहमदाबाद में घटित विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री विजय रूपाणी का संपूर्ण जीवन गुजरात के विकास, जनसेवा और लोककल्याण के लिए प्रतिपल समर्पित रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को यह अपार कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।





# सीधा प्रसारण एल ई डी स्क्रीन पर दिखाया, अध्यक्ष जनप्रतिनिधि और एन जी ओ हुए शामिल



दैनिक रणजीत टाइम्स

दीपक तोमर

मंडलेश्वर।अमृत हरित महाभियान कार्यशाला का सीधा प्रसारण शुक्रवार 8 :30 बजे से दिखाया गया।भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित इस कार्यशाला में नगर परिषद सी एम ओ संजय रावल शामिल हुए।शासन के निर्देश पर नगर परिषद कार्यालय में बड़ी एल ई डी स्क्रीन पर भोपाल में चल रही कार्यशाला का सीधा प्रसारण दिखाया गया।परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे पार्षद कमलेश भार्गव स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर यशवंत सिंह तवर हरित भारत और नारी सशक्तिकरण अभियान की नोडल अधिकारी उप यंत्री आरती मंडलोई नर्मदा सखी सहेली स्व सहायता समूह की मालती बडोले विद्या डोंगरे महालक्ष्मी समूह की जया वर्मा मां नर्मदा समूह की सुधा केवट भावना पाटीदार सहित पार्षदगण कर्मचारी मीडिया कर्मियों ने सीधा प्रसारण देखा।

## हरित भारत अभियान के तहत किया जा रहा वृक्षारोपण

सरकार के अमृत हरित अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा पौधारोपण विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू किया जा चुका है।नारी सशक्तिकरण और हरित भारत कार्यक्रम के तहत 05 जून से वूमन फॉर ट्री योजना में पौधारोपण शुरू किया गया है।वूमन फॉर ट्री की नोडल अधिकारी सुश्री आरती मंडलोई ने बताया कि पौधारोपण के लिए हमने कुछ स्थान चिन्हित किए है जहां पौधारोपण किया जा रहा है अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने बताया कि सीधा प्रसारण देखकर हरित भारत अभियान को और सफल बनाने की दिशा में कार्य जारी रहेगा।वृक्षारोपण के साथ साथ साफ सफाई के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# इंदौर में राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी का आगमन




दैनिक रणजीत टाइम्स

इंदौर। इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स ब्रुसेल्स बेल्जियम से सम्बद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी इंदौर रणजीत टाइम्स के प्रदेश कार्यालय में पधारे। इस अवसर पर इंदौर संभागीय संयोजक उत्सव सोनी के प्रस्ताव पर रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक गोपाल गावंडे को NUJ इंडिया की राज्य इकाई जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के इंदौर जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई।

इसके बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजेश धाकड़ के सवालो का जवाब देते महासचिव प्रदीप तिवारी ने बताया कि NUJ इंडिया की इंदौर में राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक फिर उसके बाद जल्द भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होगा, जिसमें NUJ इंडिया के 28 राज्यों से वरिष्ठ पत्रकार, संपादक और कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। अधिवेशन के एजेंडे में मीडिया कॉउंसिल, प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट, नेशनल रजिस्टर के बारे में बताते हुए प्रदीप तिवारी ने कहा कि जब सरकार के काम करने वाले लोग हमारे साथ रहेंगे, और जब संसद में ये पास हो जाएगा तो पत्रकारों के लिए ये बड़ी उपलब्धि होगी और ये उनके जीवन की सबसे बड़ी पूर्ति होगी।

### उन्होंने बताया कि

NUJ इंडिया लगातार केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग कर रहा है कि मीडिया कॉउंसिल बने, प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट मिल जाए और नेशनल रजिस्टर बन जाए, जिससे पत्रकारों की पहचान और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रदीप तिवारी ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वे वर्तमान में NUJ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव हैं और पूर्व में मध्यप्रदेश सरकार की सर्व कल्याण समिति में मेंबर रह चुके हैं। वे दैनिक भास्कर, राज एक्सप्रेस, सहारा समय जैसे कई बड़े अखबारों में संपादक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### मीटिंग में उपस्थित सदस्य

इंदौर जम्प जिला संयोजक महेंद्र सोनगरा, इंदौर महिला इकाई जिला अध्यक्ष अपूर्वा मेनन, वरिष्ठ पत्रकार सुनील खंडागले सहित संभागीय और जिला इकाई के सदस्य उपस्थित थे।

# सरभंग मुनि आश्रम में भगवान की लीलाओं के श्रवण और भव्य भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन

महापौर के समर्थन के साथ सरभंगा टाइगर रिजर्व मुहिम को मिला जन-जन का बल

इस अविस्मरणीय पल में साथ देने वाले जन - जन का आजीवन ऋणी रहूंगा - आशुतोष द्विवेदी

चित्रकूट की पवित्र सरभंगा तपोभूमि में विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा 12 जून 2025 को भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न हुई। आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस संगीतमय कथा ने भक्ति, पर्यावरण प्रेम और सरभंगा को टाइगर रिजर्व बनाने की मुहिम को एक अनूठा मंच प्रदान किया। भगवान श्रीराम और सरभंग मुनि की इस तपोभूमि पर हजारों भक्तों ने भक्ति के रस में गोता लगाया, वहीं सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार सहित जन-समुदाय ने इस पर्यावरणीय आंदोलन को जोरदार समर्थन दिया।

भक्ति और प्रकृति का रसमय संगम- कथा वाचक आचार्य डॉ. विपिन कृष्ण महराज ने सात दिनों तक भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम की लीलाओं से सराबोर किया। ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद, गजेंद्र मोक्ष, अजमिल प्रसंग, राम जन्म, कृष्ण



जन्मोत्सव, माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पूजा की कथाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य जी ने गोवर्धन पूजा को हरियाली का प्रतीक बताते हुए कहा, "प्रकृति की रक्षा ही सच्ची भक्ति है। सरभंग मुनि की तपोभूमि पर यह कथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है।" भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार से गूंजता कथा स्थल भक्तों के लिए आध्यात्मिक और पर्यावरणीय जागरूकता का अनूठा संगम बन गया।

टाइगर रिजर्व की मुहिम को जन-आंदोलन का रूप- आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने इस आयोजन को न केवल आध्यात्मिक उत्सव बनाया, बल्कि सरभंगा को टाइगर रिजर्व घोषित करने की मांग को जन-आंदोलन का रूप दिया।आशुतोष द्विवेदी ने उत्साह के साथ कहा, "यह पवित्र भूमि भगवान राम और सरभंग मुनि की तपस्या से पवित्र है। इसे टाइगर रिजर्व बनाकर हम प्रकृति की रक्षा करेंगे और विश्व पटल पर सरभंगा को नई पहचान देंगे।" स्थानीय लोग और पर्यावरण प्रेमी इस मांग के लिए एकजुट होकर खड़े हैं। उनका मानना है कि सरभंगा का जंगल बाघों का आश्रय बनने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन और स्थानीय आजीविका का आधार बनेगा।

भव्य भंडारा और महापौर का जोरदार समर्थन- कथा के समापन पर 12 जून 2025 को आयोजित भव्य भंडारे में सरभंगा क्षेत्र के गांवों से आए हजारों भक्तों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार ने प्रसाद ग्रहण कर आचार्य डॉ. विपिन कृष्ण महाराज का आशीर्वाद लिया। आशुतोष द्विवेदी ने महापौर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।महापौर ताम्रकार ने सरभंगा टाइगर रिजर्व मुहिम को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा, "यह अभ्यारण्य प्रकृति और बाघों के संरक्षण के साथ चित्रकूट को विश्व पटल पर नया कीर्तिमान देगा। मैं सरकार और मुख्यमंत्री से इस मुहिम के लिए निरंतर चर्चा में हूं। जल्द ही सरभंगा टाइगर रिजर्व हकीकत बनेगा।" उन्होंने इस आयोजन को क्षेत्र के सांस्कृतिक और पर्यावरणीय उत्थान के लिए मील का पत्थर बताया।

एक नई क्रांति की शुरुआत- स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों ने इस आयोजन को भक्ति और प्रकृति के मिलन का प्रतीक माना। सरभंगा की हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच भगवान की लीलाओं का रसपान भक्तों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया। यह कथा न केवल आत्मिक शुद्धि का माध्यम बनी, बल्कि सरभंगा को टाइगर रिजर्व बनाने की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रही।आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान की यह पहल सरभंगा की पवित्रता को संरक्षित करने और चित्रकूट को पर्यावरणीय व आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का सशक्त संकल्प है। यह आयोजन न केवल एक कथा का समापन था, बल्कि एक बड़े मिशन की शुरुआत है, जो प्रकृति, भक्ति और समृद्धि का त्रिवेणी संगम बनकर उभरा है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल मजदूरी के खात्मे का लिया संकल्प, 26 बच्चों को अब तक मिल चुकी है आज़ादी

**बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए शुरू हो राष्ट्रीय मिशनः प्रदीपन**




दैनिक रणजीत टाइम्स

**संदीप वाईकर**

बैतूल। जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए एक संगठित और प्रभावशाली अभियान की शुरुआत हो चुकी है। बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठन प्रदीपन ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले में चलाए जा रहे बाल श्रम विरोधी अभियान की जानकारी साझा करते हुए कहा कि बीते एक वर्ष में अब तक 26 बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया है। यह अभियान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से चलाया जा रहा है, जो देशभर के 418 जिलों में कार्यरत नागरिक समाज संगठनों का सबसे बड़ा नेटवर्क है। प्रदीपन ने बाल श्रम के खात्मे के लिए केंद्र सरकार से राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने, उसके लिए पर्याप्त संसाधनों का आवंटन करने और बाल मजदूर पुनर्वास कोष की स्थापना की मांग की है। साथ ही, उन्होंने 18 वर्ष तक की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा, खतरनाक उद्योगों की सूची में विस्तार और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया।

## छापामार कार्रवाई में 10 बाल मजदूर मुक्त

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर आज प्रदीपन, श्रम विभाग और जिला टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने जिले के पेट्रोल पंप, मोटर गैरेज, वाशिंग सेंटर और भवन निर्माण स्थलों पर छापामारी कर 10 बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। साथ ही शहर की दुकानों पर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम पर नहीं रखने की सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के तहत स्थानीय नागरिकों को जागरूक भी किया गया और बाल मजदूरी के उन्मूलन का संकल्प लिया गया।

## प्रदीपन की उपलब्धियां और प्रयास

प्रदीपन की डायरेक्टर रेखा गुजरे ने बताया कि जिले में प्रशासन के सहयोग से अब तक 32 बाल मजदूरों को छुड़ाया गया है और उनके पुनर्वास की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा भारत ने बाल श्रम के खात्मे की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। जब तक पीड़ित बच्चों के लिए पुनर्वास और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाएगा। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के कन्वेंशन 182 का हस्ताक्षरकर्ता है और बाल श्रम के खतरनाक रूपों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और इस दिशा में बाल श्रम का उन्मूलन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिकों का होना जरूरी है।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका

इस अभियान में प्रदीपन के कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार, पुनम अतुलकर, चारूलता वर्मा, अलका नागले, ज्योति बागवे, विशाल आर्य, रविशंकर चवारे और राकेश मन्नासे का अहम योगदान रहा। इन्होंने लगातार समुदायों में जाकर बच्चों को काम से छुड़ाने, परिवारों को समझाने और प्रशासन के साथ मिलकर कानूनी कार्रवाई करवाने में सहयोग किया।

# नशे का अवैध कारोबार करने वाले आरोपी को थाना सनावद पुलिस ने दबोचा,आरोपी के कब्जे से 2 किलो 562 ग्राम गांजा कीमती 25620/- रूपये का जप्त किया

**खेत में उगाने के बाद बेचने की फिराक में था तभी पुलिस ने की कार्यवाही**




दैनिक रणजीत टाइम्स

**आशीष शर्मा**

सनावद-पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना एवं अति पुलिस अधीक्षक श्रीमति शकुंतला रूहल (ग्रामीण) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में थाना सनावद अंतर्गत थाना सनावद में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के निर्देशन मे सनावद थाना प्रभारी श्री रामेश्वर ठाकुर के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए जुनापानी के जंगल से अवैध मादक पदार्थ बेचने वाले आरोपी को गिरफतार कर उसके कब्जे से 2.562 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है । मुखबिर से सूचना मिली के ग्राम बांसवा का रहने वाला अर्जूनसिंह पिता धरमसिंह पटेल जुनापानी जंगल के कच्चे रास्ते से होकर ओंकारेश्वर में गांजा बेचने के लिए लेकर जाने वाला है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया तथा टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना की गई। टीम द्वारा जुनापानी जंगल में पहुच कर वहां प्रत्येक आने जाने वाले रास्तों पर पैनी निगाह रखते सनावद मुख्य मार्ग से जुनापानी के जंगल से ओंकारेश्वर की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर टीम फैला दी कुछ समय बाद मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति अपने हाथ में एक बोरी लेकर आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा स्वतंत्र साक्षियों की मदद से घेराबंदी पर पकडा और उससे उसका नाम पता पुछते उसने अपना नाम अर्जूनसिंह पिता धरमसिंह पटेल जाति भीलाला उम्र 42 वर्ष निवासी बांसवा हाल ग्राम घोसला का होना बताया। जिसके कब्जे की बोरी को चैक करते उसमें रखी पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे मौके पर तोल काटा बुलाकर वजन करते अवैध मादक पदार्थ (गांजा) कुल 02 किलो 562 ग्राम कीमती 25620/- रूपये का होना पाया गया। जिसे पंचानों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय होने से आरोपी अर्जुनसिंह पटेल को गिरफतार किया जाकर थाने लाया गया जहां अपराध क्रमांक 224/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी अर्जुनसिंह पटेल से जप्तशुदा गांजे के संबंध में पूछताछ की जा रही है।उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन अर्चना रावत के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी सनावद रामेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में शिवप्रसाद वर्मा,संदीप कुशवाह, रविन्द्र चौहान, लोकेन्द्र गुर्जर, श्रीकृष्ण बिरला, एवं थाना के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

# श्रद्धा व समर्पण से ही आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है

दैनिक रणजीत टाइम्स

प्रत्येक संप्रदाय में हम आराध्य की आराधना हेतु अनेक साधन जुटाते हैं। कई बार ये साधन हमारे अहंकार का कारण बन जाते हैं। हम भ्रमवश ये भी भूल जाते हैं कि इन सभी साधनों का निर्माता वही परमात्मा है। आराधना में महत्व भाव, श्रद्धा व समर्पण का होता है।

सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है कि, "जब आप एक साक्षात्कारी आत्मा हैं और आप कुछ भी भेंट करते हैं, तो यह परमेश्वर को स्वीकार्य है, भले ही आप कुछ भी न कहें। लेकिन इससे आपको कोई लाभ मिलने के बारे में क्या? आत्मबोध के बाद जब आप ईश्वर को कुछ भी



अर्पित करते हैं, तो वे स्वीकार करते हैं, क्योंकि यह एक साक्षात्कारी आत्मा से आ रहा है, इसलिए वे स्वीकार करते हैं। अब, ईश्वर को एक पुष्प देकर, हम उनके द्वारा आशीर्वाद कैसे प्राप्त करते हैं? अब यदि आप इसके बारे में कुछ नहीं कहते हैं, आप केवल एक पुष्प चढ़ाते हैं, तो आपको जीवन में स्वतः ही कई पुष्पों से पुरस्कृत किया जा सकता है। या हो सकता है कि आप जो भी भौतिक चीजें अर्पित करते हैं, आप भौतिक रूप से आशीर्वादित हो सकते हैं। फिर एक सूक्ष्म तरीके से यदि आप कुछ कहते हैं, जैसा कि आप किसी को यह विनम्र तरीके से देने के लिए कहते हैं कि "यदि आप इसे स्वीकार करेंगे तो मुझे खुशी होगी," शायद इसके और भी सूक्ष्म परिणाम होंगे, जो बहुत व्यापक हो सकते हैं, शायद बहुत गहरे हो सकते हैं। अब, आप कुछ प्रतीकात्मक करते हैं जो की सार है, किसी चीज का सिद्धांत है। क्योंकि अगर आपने सिद्धांत से संबंध किया है, तो आपने वास्तव में समग्र को हासिल किया है। क्योंकि परिपूर्ण आध्यात्मिक आशीर्वाद ही संपूर्ण क्षेमकुशल व हितकारी परमसुख है।" (२२ अगस्त १९८२) सहजयोग ध्यान के माध्यम से अपने आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति हेतु आप जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in

## नहर किनारे बनी खन्तीयो पर जेसीबी मशीन से अवैध समतलीकरण कर बनाया जा रहा खेत



दैनिक रणजीत टाइम्स

गोटेगांव संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में देखने को आ रहा है कि रानी अवंती लोधी बरगी परियोजना विभाग एवं उनके अधिकारियों द्वारा बनाई गई नहरो में बनी माइनर सब माइनरों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कहीं पर जर्जर हालत में है तो कहीं झाड़ी-झंकार उग रहे हैं, तो कहीं पर नहर किनारे बनी खन्तीयो पर जेसीबी मशीन से समतलीकरण कर खेत बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है जबकि विभाग में साफ सफाई से लेकर मेंटेनेंस के लिए लाखों और करोड़ों रुपए का फंड आता है ताकि नहरों का मेंटेनेंस कर रखरखाव कर सके, लेकिन विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कहीं ध्यान नहीं दिया जाता, आपको बता दें की ऐसा ही एक मामला सामने आया है जोकि गोटेगांव तहसील अंतर्गत करकबेल स्थित करकबेल माइनर नहर से कंधरापुर,डूडी सिमरी सब माइनर नहर के किनारे बनी खन्तीयो को कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन चलवाकर समतलीकरण कर खेत बनाने का कार्य किया जा रहा है वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर के किनारे बनी खन्तीयो में समतलीकरण करने के साथ-साथ बाजू में बनी नहरो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से जेसीबी मशीन लगाकर खन्तीयो को समतलीकरण कर खेत बनाकर कब्जा करने का कार्य किया जा रहा है, सबसे बड़ी विडम्बना यह है इस अवैध अतिक्रमण को रोकने यहां पर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे, इस मामले में स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जेसीबी से किए जा रहे समतलीकरण पर तत्काल रोक लगाएं जाने के साथ-साथ कब्जा करने वाले कब्जाधारीयों पर वैधानिक कार्यवाही संबंधित विभाग द्वारा की जाए।

इनका कहना- आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है में दिखवाता हूं अगर वहां पर किसी के द्वारा जेसीबी चलाकर कब्जा किया जा रहा है तो उसे नोटिस जारी कर जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

**पी.के चौरसिया**

**अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंतीबाई लोधी बरगी करकबेल**

AHMEDABAD PLANE CRASH

## अहमदाबाद विमान हादसा: शिवपुरी में महाकाल सेना ने दिवंगत आत्माओं शांति के लिए ,दी गई श्रद्धांजलि



दैनिक रणजीत टाइम्स

धर्मनगरी शिवपुरी में वीर शहीद तात्या टोपे पर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई. शिवपुरीः अहमदाबाद विमान हादसे में 265 लोगों के मरने की खबर है. इस हादसे में मारे गए लोगों को 13 मई को शिवपुरी के राजेश्वरी रोड स्थित वीर शाहिद तात्या टोपे पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्री महाकाल बाबा से से प्रार्थना की गई और विनती की गई कि इस दुःख की घड़ी में श्री महाकाल बाबा उनके परिजनों को शक्ति प्रदान करें।

जन सेवक कुक्कू भैया ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया वीर शाहिद तात्या टोपे को पुष्प अर्पित कर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. श्री महाकाल बाबा सभी आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें. इसके अलावा महाकाल सेना के लोगो का कहना कि सरकार को इस मामले की विस्तृत जांच करनी चाहिए, ताकि दोबारा इस तरह की कोई घटना न हो बता दें कि 12 जून गुरुवार को एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान ने गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी, लेकिन टेक ऑफ के एक मिनट के अंदर ही विमान क्रैश हो गया है. विमान में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे, जिसमें से 241 लोगों की मौत हो गई. वहीं एक व्यक्ति बच गया, जिसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है. एयर इंडिया का ये विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था।

विमान एक इमारत से टकराया था, इस वजह से 24 अन्य लोगों के मरने की खबर है. हादसे के वक्त बीजेपी के वरिष्ठ नेता और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी थे, जिनका भी निधन हो गया. विजय रूपाणी लंदन में अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे।

# एयर इंडिया हादसा- किसने क्या कहा और क्या सीखा?

**रणजीत टाइम्स संपादकीय टीम**

अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 का दुर्घटनाग्रस्त होना भारत के लिए केवल एक तकनीकी हादसा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय शोक की घड़ी है। इस हादसे में 241 निर्दोष जिंदगियाँ खत्म हो गईं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जैसे वरिष्ठ नेता से लेकर सामान्य नागरिक, छात्र और बच्चे तक शामिल हैं। लेकिन जब त्रासदी आती है, तब न केवल आँसू बहाए जाते हैं, बल्कि प्रतिक्रियाएँ भी देश के चरित्र को परिभाषित करती हैं।

## नेताओं की प्रतिक्रिया: संवेदना और सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे को "दिल दहला देने वाला" करार दिया और घटनास्थल पर पहुँच कर राहत कार्यों की समीक्षा की। उनकी संवेदना से प्रभावित परिवारों को थोड़ी सांत्वना ज़रूर मिली, लेकिन एक बड़ा सवाल भी उठता है — क्या हमारी तैयारियाँ ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए पर्याप्त हैं? गृह मंत्री अमित शाह का बयान, जिसमें उन्होंने कहा कि "इतना ईंधन था कि किसी को बचाना संभव नहीं था", यथार्थपरक जरूर था लेकिन कुछ लोगों को यह संवेदनहीन भी लगा। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार पर निशाना साधते हुए इसे "act of God" बताने की आलोचना की और सुरक्षा में लापरवाही के संकेत दिए।

## एयर इंडिया और प्रशासन: अब सवालों के घेरे में




एयर इंडिया के CEO के अनुसार, दुर्घटना की जांच के लिए ब्लैक बॉक्स बरामद हो चुका है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त जाँच की जा रही है। सवाल ये है कि क्या यात्रियों की सुरक्षा के मानक सिर्फ कागजों में हैं?

## विश्व स्तर पर भी संवेदना

ब्रिटेन, कनाडा, चीन और रूस सहित कई देशों के नेताओं ने भारत को संवेदना संदेश भेजे हैं। यह घटना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की उड्डयन व्यवस्था को लेकर एक बार फिर कठघरे में खड़ा करती है।

## अब आगे क्या?

यह संपादकीय केवल नेताओं की प्रतिक्रियाओं का संकलन नहीं, बल्कि एक गहरी सोच की मांग है। हमें यह देखना होगा कि क्या हमारी व्यवस्थाएँ सिर्फ हादसे के बाद बोलती हैं या पहले भी कुछ करती हैं?

क्या विमानों का रूटीन निरीक्षण सिर्फ नाम मात्र है?

क्या टेक-ऑफ के पहले की सुरक्षा प्रक्रिया सिर्फ औपचारिकता है?

और क्या नेताओं की संवेदना के साथ जवाबदेही भी जुड़ी है?

संवेदनाओं के साथ सजगता भी ज़रूरी है

सिर्फ मोमबत्तियाँ जलाकर और ट्वीट कर देने से हादसे नहीं रुकते। अब समय है कि सरकार, प्रशासन और एयरलाइंस – तीनों मिलकर ईमानदारी से जवाब दें कि आगे ऐसा दोबारा न हो।

**वरना अगली बार फिर कोई माँ अपने बेटे का इंतज़ार करती रह जाएगी... और कोई उड़ान, वापस ज़मीन पर कभी नहीं आएगी।**

# वन स्टॉप सेंटर की त्वरित कार्रवाई से मां को मिला बेटा

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**अनिल चौधरी**

पीड़िता शैलजा (परिवर्तित नाम) जनसुनवाई में इस शिकायत के साथ उपस्थित हुई कि उसके पति ने उससे झगड़ा किया तथा बच्चों को अपने पास रख लिया और उसे घर से निकाल दिया। शिकायतकर्ता की मांग थी कि बच्चा उसे वापस दिया जाए शिकायतकर्ता का कहना था कि उसने अनेक मंचों के भी चक्कर लगाए किंतु कोई सार्थक समाधान नहीं मिला। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा सर द्वारा आवेदिका को सुना और समझाया गया एवं उक्त शिकायत को निराकरण हेतु वन स्टॉप सेंटर, इंदौर भेजा गया।

वन स्टॉप सेंटर पर पीड़िता शैलजा का परामर्श किया गया उसके द्वारा बताया गया की परिवार में पिता शराब पीते थे तथा उनका बचपन मां और मामा जनों के सहयोग से बीता। मामा लोगों के सहयोग से ही उसका विवाह रोशन (परिवर्तित नाम) से हुआ। रोशन को नशे की बुरी लत थी। कोई भी ऐसा नशा नहीं था जिसका उपयोग उसके द्वारा नहीं किया गया हो। शादी के कुछ समय बात से ही नशे के कारण पति-पत्नी में अनबन हो जाती थी। वह किसी बैंक में फाइनेंस का काम देखता था, उसे उसकी आदत के कारण वहां से निकाल दिया गया। इसके बाद वह रेलवे में कोई अस्थाई नौकरी करने लगा किंतु वहां भी वह नहीं टिक पाया, नशे के कारण




वह उधारी के चक्कर में फस गया। उधार लेने वालों से वह अपनी पत्नी की बात भी कराता था ताकि उन्हें यकीन हो जाए कि उन्हें उधार बहुत जरूरी है। वह अपने को विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित कर अपनी पत्नी पर अनावश्यक दबाव बनाने का कार्य करता था झगड़ा बढ़ते गए बीच में कई बार मां और मामा ने समझौता भी कराया किंतु कुछ समय बाद फिर पुरानी जैसी स्थिति हो जाया करती थी। इसी झगड़े में एक दिन नाराज होकर रोशन ने बच्चों को अपने पास रखकर शैलजा को घर से निकाल दिया। शैलजा ने अपने बच्चों को प्राप्त करने की बहुत सारे प्रयास किया किंतु वह असफल रही।

वन स्टॉप सेंटर में सामाजिक मनोवैज्ञानिक श्रीमती नीलम सिन्हा जी द्वारा परामर्श के दौरान शैलजा की सारी बात सुनने के बाद उसके पति रोशन को भी परामर्श हेतु बुलाया गया। परामर्श में रोशन को उसके द्वारा की जा रही घटनाओं के चर्चा करते हुए उसे अनुभव कराया गया उसका यह कृत्य सही नहीं है वह अपनी पत्नी को इस प्रकार से परेशान नहीं कर सकता, इसके लिए कानूनी प्रावधान भी हैं कि यदि वह उसे परेशान करता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई हो सकती है। रोशन को बात समझ में आई, उसने बच्चों को तत्काल पत्नी के हवाले कर दिया किंतु पत्नी शैलजा की मानसिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह पति के साथ जाए उसने कुछ दिन बाद मन के स्थिर हो जाने पर पति के साथ जाने के बारे में निर्णय ले पाएगी, ऐसा बताया। पति रोशन को एहसास हुआ कि वह अपनी पत्नी के साथ बहुत ज्यादा जादती कर रहा था और अब उसके साथ कोई भी दुर्व्यवहार नहीं करेगा। वन स्टॉप सेंटर में परामर्श के पश्चात बच्चा वापस मिलने से शैलजा बहुत खुश थी, उसने वन स्टॉप सेंटर के पूरे अमले को उसे सहयोग देने तथा त्वरित कार्रवाई करने पर बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# ज़िंदगी कितनी अनिश्चित होती है.

आप छुट्टियों पर सुकून ढूँढ़ने जाते हैं,
और आतंकवादियों की गोली का शिकार हो जाते हैं।
आप किसी टीम की जीत का जश्न मनाने जाते हैं,
और भीड़ की भगदड़ में कुचले जाते हैं।
आप रोज की तरह ऑफिस जा रहे होते हैं,
और एक हादसा आपकी साँसें छीन लेता है।

आप किसी काम या छुट्टी के लिए फ्लाइट पकड़ते हैं,
और वह आसमान में ही टूट जाती है।
आप अपने हॉस्टल में पढ़ाई कर रहे होते हैं, सपने बुन रहे होते हैं
और अचानक एक प्लेन आप पर गिर पड़ता है।

मौत का कोई पता नहीं...
ना वह बताकर आती है, ना किसी को छूट देती है।
कब, कहाँ, और कैसे — कोई नहीं जानता।

इस त्रासदी को देखिए —
लोग जो प्लेन में थे न वो दोषी थे,
न वो डॉक्टर जो हॉस्टल में थे...
फिर भी, सब चले गए...
एक पल में सब कुछ खत्म।

बस एक पल का फासला होता है,
और ज़िंदगी का वो नाजुक धागा हमेशा के लिए टूट जाता है।

ऐसे हादसे हमें झकझोरते हैं... हमें यह एहसास दिलाते हैं कि हम कितने असहाय हैं इस जीवन के सामने। हर दिन, हर पल एक वरदान है, एक अवसर है... क्योंकि शायद अगला पल आए या न आए

इसलिए जी भर के जिएं अपने अपनों से दिल खोलकर मिलें
माफ करें, गले लगाएं, और दूसरों के लिए थोड़ा अच्छा कर जाएं।

**क्योंकि क्या पता, कल हो न हो...**

# राह चलती महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाश, पुलिस थाना लसूडिया की गिरफ्त में

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

- आरोपियों से पूछताछ पर लसूडिया क्षेत्र की 02 अलग-अलग वारदातों का हुआ खुलासा।
- दोनो घटनाओं में लूटी गई 2 चेन कीमती लगभग 2 लाख रुपये व अपराध में प्रयुक्त मोटरसाईकल की बरामद।
- लूटी हुई चेन को बेचने वाले एवं खरीदने वाले को भी पुलिस द्वारा बनया गया है आरोपी।

इंदौर – पुलिस थाना लसुडिया पर फरियादी डिम्पल परियानी निवासी पानी की टंकी के पास स्कीम 136 इन्दौर ने रिपोर्ट कि दिनाँक 14.05.2025 को सुबह करीब 07.50 बजे मार्निग वाक के लिये गुलमोहर काम्प्लेक्स के सामने घूम रही थी, उसी समय मोटरसाईकल पर सवार दो बदमाशों ने फरियादी के गले में पहनी सोने की चेन लूट ली थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना लसुडिया पर अपराध क्रमांक 523/2025 धारा 304 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, विवेचना के दौरान धारा 309(4) बी.एन.एस. इजाफा किया गया था। तथा इसी प्रकार दिनांक 28.05.2025 को दिन करीब 02.30 बजे फरियादिया दिव्या सरोज नि. एम आर 6 महालक्ष्मीनगर इन्दौर डाक्टर को दिखाकर नरिमन रोड होते हुये पैदल अपने घर जा रही थी उसी समय मोटरसाईकान पर सवार 2 बदमाशों ने फरियादी के गले में पहनी सोने की चेन लूट ली व मोटरसाईकल से फरार हो गये पारियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 619/2025 धारा 304 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान धारा 309 (4) बी.एन.एस. इजाफा किया गया।

घटनाओं की गंभीरता को देखते हुये पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह एवं




अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) नगरीय इन्दौर श्री अमित सिंह द्वारा घटनाओं का पर्दाफाश कर आरोपियो की गिरफ्तारी के निर्देश दिये। उक्त निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 2 श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर इन्दौर श्री आदित्य पटले के द्वारा थाना प्रभारी लसुडिया तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व मे एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर कार्यवाही के लिए लगाया गया।

पुलिस टीम द्वारा घटना दिनाँक से ही घटना स्थल व आस-पास लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज तथा मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपीगण की पतारसी की गई। इसी दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर अपराध क्रमाक 523/2025 में आरोपी 1. विकास चारोठ उम्र 26 साल नि.याम सादलपुर जिला धार हाल नि. गौरी नगर सब्जी मण्डी इन्दौर को स्कीम 136 चौराहे के पास से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से लूटी गई चेन बरामद की गई। तथा अपराध क्रमांक 619/2025 में मुखबिर सूचना के आधार पर निरंजनपुर सब्जी मण्डी के पास से आरोपी 2. राजेन्द्र मन्सोरे उम्र 25 साल नि. कुजेडी कांकड़ बाणगंगा इन्दौर को गिरफ्तार कर आरोपी से अपराध में प्रयुक्त मोटरसाईकल बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताए अनुसार प्रकरण के अन्य आरोपियों जिन्होंने लूटी हुई चेन बेची व खरीदी थी उन आरोपी 1. बलराम गहलोत उम्र 21 साल नि. भांग्या कांकड़ बाणगंगा इन्दौर व 2. धीरज चौहान उम्र 27 साल नि. गुर्दा खेड़ी हालोद इन्दौर को अभिरक्षा में लेकर आरोपी धीरज चौहान से लूटी गई चेन बरामद की गई है। आरोपी विकास बरोठ एवं राजेन्द्र मन्सोरे को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस रिमाण्ड लिया जावेगा।

**गिरफ्तारशुदा आरोपीगण**

1. विकास बारोठ उम्र 26 साल नि. ग्राम सादलपुर जिला धार हाल नि.गौरी नगर सब्जी मण्डी इन्दौर-अपराध क्र.523/2025
2. राजेन्द्र मन्सोरे उम्र 25 साल नि. कुगेडी कांकड़ याणगंगा इन्दौर अपराध क्र.619/2025

**जप्त मश्रुका -**

1. अपराध कमांक 523/2025 में एक सोने की चेन वजन करीब 10 ग्राम कीमती लगभग 1 लाख रुपये।
2. अपराध क्र.619/2025 में एक लोने की चेन वजन करीब 11 ग्राम कीमती लगभग 1 लाख रुपये व अपराध में प्रयुक्त होण्डा लीवो मोटरसाईकल

संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लसुडिया श्री तारेश कुमार सोनी व टीम उप निरीक्षक अरुण मलिक, उप निरीक्षक संजय विश्नोई, प्र.आर. रवि यादव, प्र.आर. बृजेश चौरे, प्र. आर. प्रणीत भदौरिया, प्र. आर. अजय प्रजापति, प्र. आर. निरज रघुवंशी, आर. आकाश त्रिवेदी, रामकुमार मीणा, आनंद जाट, दिनेश गुर्जर, हेमराज व सायबर सेल जोल 2 से आरक्षक प्रवीण, शशिकांत की सराहनीय भूमिका रही।

# बाल श्रमिक निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर आयोजित

## बाल श्रमिकों के अधिकारों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार गत दिवस प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर अध्यक्ष श्री आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में श्रम विभाग एवं विदिशा सोसर वेलफेयर ऑर्गनाईजेशन संस्था के साथ समन्वय स्थापित कर विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही शाजापुर शहर में होटलों एवं दुकानों पर भ्रमण कर बाल श्रमिकों के अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया एवं बाल श्रम अपराध के संबंध में लोगों को जागरूक किया। न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बौरासी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल श्रम कानूनी अपराध है और बालकों की शिक्षा पर बल देते हुए यह भी जानकारी दी कि प्राथमिक शिक्षा हर बच्चे का कानूनी अधिकार है तथा 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को उसके शिक्षा और स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित कर बाल श्रम कराने पर सजा एवं दण्ड का प्रावधान है। साथ ही सभी से अपील की कि बाल श्रम न तो स्वयं कराएं और न ही किसी और को कराने दें, यह हम सब की जिम्मेदारी है। शिविर में होटल एवं दुकानों के भ्रमण के दौरान श्रम विभाग के प्रभारी अधिकारी श्री एस.आर. प्रजापति द्वारा श्रम कानूनों के संबंध में जानकारी देते हुए बालकों 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से कार्य न कराने की समझाईश दी।

उक्त शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नमिता बौरासी, श्रम विभाग के प्रभारी अधिकारी श्री एस.आर. प्रजापति, विदिशा सोसर वेलफेयर ऑर्गनाईजेशन संस्था के कर्मचारी सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के कर्मचारी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स एवं श्रम विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं- कलेक्टर सुश्री बाफना

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं। खेल में हार-जीत महत्वपूर्ण नहीं है, खेल से प्रतियोगिता की भावना मजबूत होती है। यह बात कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शाजापुर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर कही। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा, पूर्व प्राचार्य डॉ. बीएस विभूति, जिला खेल अधिकारी श्री रविन्द्र हार्डिया सहित खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी व उनके पालकगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी खेल को नहीं छोड़े, जीवन का हिस्सा बनाए। खेल से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मेडिटेशन करें, इससे मन की शांति मिलती है और अध्ययन में मदद भी मिलेगी। उन्होंने ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षकों को ट्रेक सूट और खिलाड़ियों को पदक वितरित किये गये। इस मौके पर बास्केटबॉल का प्रदर्शन मैच भी हुआ, जिसमें बालक-बालिकाओं की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया। मैच के पूर्व कलेक्टर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जिला मुख्यालय एवं खण्ड स्तर पर संपन्न ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविरों में क्रिकेट, मलखम, जिमनास्टिक, बास्केटबॉल, सॉफ्टबॉल, एथलेटिक्स, तैराकी, जूडो खेल में कुल 840 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने केन्द्रीय जेल के महिला वार्ड का भ्रमण किया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । केन्द्रीय जेल अधीक्षक, श्री मनोज कुमार साहू द्वारा बताया गया कि गत दिवस राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या डॉ. अर्चना मजुमदार द्वारा केन्द्रीय जेल उज्जैन के महिला वार्ड का भ्रमण किया गया। उनके द्वारा भ्रमण के दौरान जेल में निरूद्ध / परिरूद्ध प्रत्येक महिला बंदिनियों से चर्चा की गई। माननीय सदस्या द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता से महिला बंदिनियों के आवासीय क्षमता, भोजन, पेशी, अपील, उपचार, प्रशिक्षण एवं विधिक सहायता आदि के संबंध में जानकारी ली गई। माननीय सदस्या द्वारा जेल में मनोचिकित्सक नियुक्त करने, रेन वॉटर स्टोरेज सिस्टम एवं रनिंग वाटर सिस्टम स्थापित करने का सुझाव दिया गया। साथ ही उनके द्वारा जेल में 03 वर्ष की सजा अवधि पूर्ण कर चुकी महिला बंदिनियों की समीक्षा कर प्रशासन को सूचित करने का सुझाव दिया गया। इस हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा भी मध्यप्रदेश शासन को आवश्यक परामर्श दिया जावेगा। इस अवसर पर श्री जसमनसिंह डावर (उप अधीक्षक), श्री नवीन कुमार नेमा (उप अधीक्षक), श्री सुरेश गोयल (सहा. अधीक्षक), श्री प्रवीण कुमार (सहा. अधीक्षक) एवं जेल स्टाफ उपस्थित था।





# सीईओ जिला पंचायत के द्वारा जन शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की गई

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



उज्जैन । शुक्रवार को सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिले के DPC,BRC,BAC, एवं समस्त जन शिक्षकों की बैठक ली गई जिसमें आगामी 16 जून से प्रारंभ हो रहे विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन नियमित एवं शासन के निर्देशानुसार वितरण हो ,निर्देशित किया गया। साथ ही सभी BRC एवं जन शिक्षकों को विषय वार प्राप्त अंकों का एनालिसिस चार्ट तैयार करने के लिए, एवं राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के आधार पर सप्ताह का कक्षा वाइज पढ़ाई जाने वाले विषय वस्तु का शेड्यूल चार्ट प्रत्येक शाला के द्वारा तैयार करने एवं छात्रों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का एनालिसिस कर प्रारंभिक तैयारी एवं योजना एवं शिक्षा से संबंधित निर्देश दिए गए ।

## उपायुक्त विकास के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । शुक्रवार को विकास आयुक्त कार्यालय भोपाल की उपायुक्त विकास श्रीमती लक्ष्मी चौधरी के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपुरा के ग्राम अजनोटी में चल रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया । उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरुप जिले में जल गंगा जल संवर्धन अभियान का योजनाबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में स्थित प्राचीन जल के स्त्रोत- बावड़ी , कुए और कुंड की साफ-सफाई कर उनका जिर्णोध्दार किया जा रहा है। साथ ही रिचार्ज पिट के साथ खेत तालाब का निर्माण भी वर्षा के जल को सहेजने के लिए किया जा रहा है।



# झाबुआ पुलिस द्वारा सम्माननीय नागरिकों हेतु जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । झाबुआ जिले में पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में एक जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग में जनभागीदारी सुनिश्चित करना एवं समाज से अपराधों और सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन करना रहा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्री रमेश वी मोरखंडिकर (जे.के.एम.एस फाउंडेशन) एवं प्रोफेसर डॉक्टर प्रभु नारायण मिश्रा (पूर्व डीन, आईएमएस इंदौर) उपस्थित रहे।



पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में बताया कि झाबुआ पुलिस द्वारा जिले के तडवी, ग्राम एवं नगर रक्षा समितियों के सदस्यों के सहयोग से समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, दापा प्रथा, नशाखोरी, बाल विवाह और सूदखोरी को समाप्त करने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं — जैसे कि अपराधों में कमी, जिलेवासियों का मजदूरी पर बाहर जाने वालों की संख्या में कमी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को कम से कम 12वीं कक्षा तक शिक्षा दिलाएं, कम उम्र में विवाह न करें और बालकों को मजदूरी हेतु बाहर न भेजें। कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि नशा युवाओं को गुमराह कर रहा है और इससे समाज की नींव कमजोर हो रही है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अपने क्षेत्र में नशे के विरुद्ध अभियान चलाएं और युवाओं को इस बुराई से दूर रखें। यातायात सुरक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी, ताकि दुर्घटना की स्थिति में जीवन की रक्षा हो सके। इस कार्यक्रम में श्री रमेश मोरखंडिकर ने सामाजिक विषयों पर विचार व्यक्त किए। साथ ही उन्होंने ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से आमजन की समस्याओं को जाना व उनके समाधान हेतु विचार साझा किए। उनके द्वारा पलायन जैसी समस्याओं से निपटने व जिले में रोजगार के अवसरों का सृजन करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रोफेसर डॉ. प्रभु नारायण मिश्रा ने झाबुआ जिले में चल रहे सामाजिक सुधार अभियानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि झाबुआ पुलिस मॉडल देशभर में अनुकरणीय बनता जा रहा है। इस अवसर पर श्रीमती भारती मोरखंडिकर, श्रीमती मधुलिका शुक्ल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे, एसडीओपी झाबुआ श्रीमती रूपरेखा यादव, एसडीओपी थांदला श्री नीरज नामदेव, उप पुलिस अधीक्षक श्री गिरीश कुमार जेजुरकर, रक्षित निरीक्षक श्री अखिलेश राय सहित समस्त थाना प्रभारी, रक्षा सखी टीम, सायबर टीम, पत्रकारगण और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रेमलाल कुर्वे द्वारा सभी अतिथियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## 11 वाँ राष्ट्रीय लोधी युवा महासम्मेलन राजस्थान के धौलपुर में

### प्रदेश से भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे युवाजन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

मक्सी शाजापुर/राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के तत्वाधान में प्रति वृषण अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय लोधी युवा महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में पूरे भारतवर्ष से युवजन सम्मिलित होकर शिक्षा एवं समाज के उत्थान पर चर्चा करेंगे राष्ट्रीय लोधी एवं महासभा की संयोजिका एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य दीदी अनुपमा सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के उत्थान के लिए एवं युवाओं के मार्गदर्शन हेतु प्रत्येक वर्ष अलग-अलग प्रदेशों में सफल आयोजन होता आ रहा है जो कि अपने 11वीं वर्ष में प्रवेश कर रहा है इस वर्ष यहां आयोजन प्रधान कॉम्प्लेक्स, सदर थाने के पास, जी.टी. रोड धौलपुर (राज.) मैं आयोजित किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में समाज जन सम्मिलित होंगे आयोजन समिति उपरोक्त कार्य को सफल बनाने के लिए दिन रात लगी हुई है आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह लोधी मध्यप्रदेश प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अध्यक्ष उमेश भाई लोधी ध्रुवसिंह लोधी एडवोकेट मुकेश जारिया सुनील कुतुल शुभम लोधा ओम प्रकाश लेखराज चंद्रेश लोधा रमेश लोधी सहित बड़ी संख्या में युवाजन युवा महासम्मेलन में पहुंचेंगे कार्यक्रम में आदरणीय राज बहादुर सिंह राजपूत सर का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा उपरोक्त जानकारी राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के प्रदेश प्रवक्ता लोधी राधेश्याम देवड़ा पत्रकार द्वारा दी गई।



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम  जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

# आई.टी.आई. प्रशिक्षुओं का नवाचार परियोजनाएं



**रणजीत टाइम्स**

गोटेगांव शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई.टी.आई में प्रशिक्षणार्थियों एवं संस्थान के अधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर शीतला पटले को संस्थान में संचालित ट्रेनिंग कम प्रोडक्शन सेंटर के अंतर्गत बनाए गए विभिन्न नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया प्रशिक्षणार्थियों ने कलेक्टर को एलईडी बल्ब निर्माण, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट सिस्टम जैसे प्रशिक्षण आधारित उत्पादन गतिविधियों के साथ-साथ स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, स्मार्ट डस्टबिन, आईओटी आधारित होम ऑटोमेशन सिस्टम, स्मार्ट होम गार्डनिंग सिस्टम आदि  परियोजनाएं प्रस्तुत कीं गई कलेक्टर प्रशिक्षणार्थियों के प्रयासों की सराहना की एवं नवाचार के प्रति उनकी जागरूकता को प्रेरणास्पद बताया। उन्होंने प्रशिक्षण के साथ-साथ उत्पादन के समन्वय को युवाओं के कौशल विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य नारायण कोष्टा एवं अनुदेशक आशीष सोनी द्वारा आई.टी.आई. गोटेगांव में अपनाई जा रही श्रेष्ठ शिक्षण पद्धतियों जैसे उद्योगों में औद्योगिक भ्रमण, ऑन द जॉब ट्रेनिंग (OJT) आदि की जानकारी दी गई, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्राप्त हो रहा है।संस्थान द्वारा चलाए जा रहे नवाचार व उत्पादन गतिविधियों से न केवल प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो रहा है, बल्कि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर हो रहे हैं।

# इंटिग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजना













**आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स**

**सह. संपादक**

मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के आदेश अनुसार जिला चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी के नेतृत्व में आदित्य टी आई (FSW) के द्वारा इंटिग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजना भील मोहल्ला , सिहासा में सुबह 10 बजे से 04 बजे तक किया गया कैंप में सिहासा के सरपंच श्री नारायण चौहान , दिशा क्लस्टर से डी आई एस श्री आलोकरंजन मौर्य जी आदित्य टी आई परियोजना प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह तोमर टी बी हेल्थ विजिटर अनिल अहिरवार जिला अस्पताल की काउंसलर भारती गौर ,हर्षा देशपांडे ओर एल टी रमा राय ए आर टी से ऋषि राज एवं आदित्य टी आई के सभी स्टाफ और पियर उपस्थित रहे उक्त कैंप में कुल 124 एच आई वी , सिफलिश टी बी स्क्रीनिंग हेपेटाइटिस बी सी टेस्ट किये गये जिसमें 5 सिफलिश रिएक्टिव आए ,आदित्य टी आई के डॉ अमरलाल जी द्वारा सभी जन व बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया गया व दवाई दी गई कैंप के दोरान अन्तरा के सोजन्य से कैंप में आई महिलाओ को सेनेटरी पेड़ दिए गए एवं डाबर के सोजन्य से कैंप में आये व्यक्तियों को जूस वितरित किया गया एवं काउंसलिंग के दोरान 22 HRG की पहचान की गई जिनका ORW द्वारा रजिस्ट्रेशन किया।